प्रदर्शन | कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर फूंका राहुल गांधी का पुतला

# भाजयुमो-कांग्रेसियों में टकराव, कार्यकर्ताओं ने तोड़ी बैरिकेडिंग



### बल्देवबाग चौराहे में सियासी माहौल गरमाया

**नवभारत,जबलपुर।** बल्देवबाग चौक के पास शनिवार को उस वक्त सियासी माहौल गरमा गया जब भारतीय जनता युवा मोर्चा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का समूह आमने सामने टकरा गया। इस दौरान दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई भी हुई। सियासी माहौल बिगड़ने की खबर सुनकर मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया और तत्काल बैरिकेडिंग कर स्थिति पर नियंत्रण पाने का प्रयास पुलिस द्वारा किया गया लेकिन आक्रोशित भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ा और कांग्रेस कार्यालय की ओर जाकर घेराव प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा जहां एक ओर राहुल गांधी मुर्दाबाद - मुर्दाबाद के नारे लगाए गए तो वहीं दूसरी ओर युवा कांग्रेस व कांग्रेसियों द्वारा वोट चोर मोदी वोट चोर मोदी के नारे लगाए गए।

जानकारी के अनुसार दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अर्धनग्न होकर किए गए प्रदर्शन के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा बल्देवबाग में उग्र प्रदर्शन किया गया। जिसका जवाब देने कांग्रेस व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भीड़ भी मौके पर जमा हुई। आलम ये रहा कि पुलिस बल दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं को लाठी के सहारे घंटों संभाले रहा।

### अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करना काफी निंदनीय : रौनक अग्रवाल

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रौनक अग्रवाल ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि दिल्ली के अंदर चल रहे एआई सम्मिट के अंदर घुसकर युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर जो प्रदर्शन किया है वो काफी निंदनीय है क्योंकि इस आयायेजन में 40 देशों का प्रतिनिधि मंडल मौजूद था। इसी कारण शनिवार को भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप कांग्रेस कार्यालय का घेराव करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस मौके पर रौनक ने ये भी कहा कि देश में 50 सालों से राज करने के बाद भी कांग्रेस अभी तक जबलपुर में ये तय न हीं कर पाई है कि उसका कार्यालय कहां स्थित है, से काफी चिंतनीय है।

### गुंडागर्दी नहीं होगी बर्दाश्त : नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने नवभारत को बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं का हौंसला इतना बुलंद हो गया है कि शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में हमला किया और कांग्रेसियों को बलपूर्वक दबाने का प्रयास पुलिस बल के सामने किया। उधर प्रदेश सरकार जनता पर लगातार कु ठाराघात कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। कांग्रेसियों द्वारा ये गुंडागर्दी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने ये भी कहा कि कांग्रेस जब जब जनहित और भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाती है तो उसे दबाने के लिए इस तरह की कार्रवाई, प्रदर्शन किया जाता रहा है।

### चेक बाउंस पर एक साल की सजा

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. गौरव गर्ग की अदालत ने चेक बाउंस के आरोपी जबलपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार कोरी को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को एक साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही चार लाख 86 हजार रूपये प्रतिकर भुगतान के निर्देश दिये है।

यह मामला परिवादी जबलपुर निवासी अजय चौधरी की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता चंद्रभूषण तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी और परिवादी परिचित थे। दोनों के बीच भवन निर्माण के लिए भूमि का अनुबंध हुआ।




## दफ्तरों के गलियारे

### पद एक दावेदार अनेक !



भैया मालूम तो होगा ही कि जल्द ही सूबे की सबसे बड़ी अदालत में अलग अलग परिषदों के चुनाव होने है। जिसपर अपने जबलपुर के चच्चा से नया नया काला कोट पहने एक वकील साब बोल बैठे कि, कोर्ट के अंदर परिषदों में पद मुट्ठी भर है, लेकिन दावेदार अनेक ! अब भैया सबको विजयी तो बना नहीं सकते और चच्चा नहले पर देहला तो यह है कि, किसी को मत देने से मना भी नहीं कर सकते। सच बताए चाचा ये समय हर दो साल में आता है, जब दूसरों को समस्या से निकालने वाले आदरणीय वकील साब खुद असमंजस में पड़ जाते है।

### सपने चकनाचूर, ताकते रह गए कब्जा करने वाले




राइट टाउन स्थित 50 करोड़ की डॉ. हेमलता श्रीवास्तव की कथित जमीन को हथियाने धार्मिक संस्था की ट्रस्ट, डॉक्टर दंपत्ति और एक भाजपा विधायक ने ऐड़ी चोटी का जोर लगा तो दिया लेकिन अंत में लाल बिल्डिंग के बड़े साहब के आगे सभी नतमस्तक होते नजर आए। हुआ ये कि प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में उक्त बेशकीमती जमीन पर नगर निगम ने वैधानिक तरीके से कब्जा कर लिया। कब्जे के बाद आलम ये नजर आया कि उक्त जमीन को लेकर तमाम सपने देखने वाले ये सभी सिर्फ तांकते ही रह गए। लिहाजा मामले में डॉक्टर दंपत्ति प्रशासनिक चंगुल में फंसते नजर आ रहे हैं उधर भाजपा विधायक के समर्थकों व विधायक महोदय खुद चैन की सांस ले रहे हैं कि इस जमीन को हथियाने कोई लिखित प्रयास इनकी तरफ से नहीं किया। खबर है कि भाजपा विधायक ने भी एक्त जमीन के बड़े हिस्से को लेकर काफी प्रयास किया था लेकिन डॉ. हेमलता की मौत के बाद सारे प्रयास धरे की धरे रह गए।

### शिक्षक को थप्पड़ : जांच से पहले सुलह!



जिले के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में एक छात्रा द्वारा शिक्षक को थप्पड़ मारने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बाद में छात्रा ने लिखित में कहा कि यह सब भ्रम की स्थिति में हुआ। यानी हाथ तो उठ गया, पर वजह गलतफहमी थी। छात्रा ने पत्र देकर सफाई भी दे दी। सूत्रों के मुताबिक घटना के बाद सबसे ज्यादा तेजी समझौता कराने में दिखी। दोनों पक्षों को बैठाकर मामला शांत करने की कोशिशें शुरू हो गई हैं, कहा गया कि बात को बढ़ाना ठीक नहीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इतने गंभीर मामले को सिर्फ आपसी सहमति से खत्म कर देना सही तरीका है? विवि में यह भी चर्चा है कि छात्रा पर मामले को शांत करने का दबाव बनाया गया, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दूसरी ओर अब तक किसी औपचारिक जांच या अनुशासनात्मक कार्रवाई की घोषणा भी नहीं हुई है, यही बात लोगों को खटक रही है। गौरतलब है कि ज्ञान के मंदिर में शिक्षक पर हाथ उठाना कोई छोटी बात नहीं है, अगर नियम सबके लिए बराबर हैं, तो फिर जांच और स्पष्ट कार्रवाई क्यों नहीं? विश्वविद्यालय सिर्फ पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि अनुशासन और पारदर्शिता का उदाहरण भी होना चाहिए, जिससे आगे ऐसी घटनाएं सामने ना आ सकें।

### बंद कमरे की चुगली या साजिश ने छीनी कुर्सी



कप्तान कब किस की कुर्सी खिसका दें, किसे शाबाशी, और किस पर नाराजगी की बरसात कर दें ये उनके सिवा कोई नहीं जानता है। हुआ यूं कि एक थाने की निरीक्षक से कुर्सी छीन ली गई। थ्री स्टार पर गाज गिरने के बाद तरह-तरह की चर्चाएं हो रही जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं कोई कह रहा है कि वायरल वीडियो ने कुर्सी छीन ली है तो कोई कह रहा है कि यह कार्रवाई वीडियो की वजह से नहीं, बल्कि आस्तीन के सांपों का नतीजा है। बंद कमरे में टीआई के खिलाफ झूठी चुंगली बड़े साहब से एक अधिकारी ने बंद कमरे में की है जिसके बाद साहब ने बिना देर किए लाइन हाजिर करने का फरमान सुनाया है, खैर जो भी हो विभागीय जांच जारी है।

धनंजय श्रीवास्तव, विवेक दुबे, अमन पटेल, अजहर खान

# इंदौर से कई गुना खराब है जबलपुर की स्थिति

### दूषित पेयजल के मुद्दे पर विधायक लखन ने उठाई आवाज

### विधानसभा के बजट सत्र में गूंजा जबलपुर के काले दूषित पेयजल का मुद्दा



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शनिवार को जबलपुर पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया ने प्रदेश में दूषित पेयजल आपूर्ति के गंभीर मुद्दे को उठाते हुए जबलपुर की स्थिति पर भी सरकार को घेरने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंनें कहा कि इंदौर से भी अधिक खतरनाक स्थिति दूषित पानी को लेकर अभी जबलपुर की है जहां पिछले लंबे समय से नागरिक दूषित और काले पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

श्री घनघोरिया ने ये भी स्पष्ट किया कि यह समस्या केवल सामान्य वार्डों तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर निगम के महापौर के अपने वार्ड सहित लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में भी जल गुणवता को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। इसके बावजूद अपेक्षित स्तर पर न तो परीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक की जा रही है और न ही जवाबदेही तय की जा रही है।

### सदन में लिए कई वार्डों के नाम

जानकारी के अनुसार विधायक लखन घनघोरिया ने विधानसभा सत्र में नरसिंह वार्ड,पंसारी मोहल्ला, जोगी मोहल्ला, देवपुरी वार्ड, हाउसिंग कॉलोनी (पश्चिम विधानसभा क्षेत्र) सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों के नाम लिए और सदन को अवगत कराया कि हालात बेहद चिंताजनक हैं। इस मौके पर विधायक लखन ने दो टूक कहा कि यदि जबलपुर के नल से आने वाले पानी को 24 घंटे तक एक पात्र में रख दिया जाए तो वह काला पड़ने लगता है। उन्होंने मांग की कि सरकार स्पष्ट करे-यदि पानी शुद्ध है तो उसकी प्रमाणित जांच रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी जाए, और यदि दूषित है तो संबंधित अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

### न्यू अलीपुरद्वार स्टेशन पर मिला प्रायोगिक ठहराव

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली ट्रेन रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन का न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया गया है। यह सुविधा दिनांक 20 फरवरी से मिलने लगी जिसके गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल ट्रेन दिनांक 20 फरवरी से न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय रात 21:47/21:49 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 23 फरवरी से न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सुबह 11:23/11:25 बजे रहेगा।

### पेंट्रीकार में मिले अवैध वेंडर, वसूला गया जुर्माना

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे प्रशासन ने जबलपुर-इटारसी रूट पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान पाटलीपुत्र एक्सप्रेस में की गई औचक चेकिंग के समय 84 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जबकि पेंट्रीकार में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेच रहे वेंडरों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ट्रेन और प्लेटफार्म दोनों स्थानों पर सघन जांच की गई। बड़ी संख्या में यात्री बिना टिकट यात्रा करते मिले, जिनसे मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान कुछ यात्री इधर-उधर भागकर बचने का प्रयास करते रहे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार 84 बेटिकट यात्रियों से कुल 53 हजार 650 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने बंद किया काम, लगाए गंभीर आरोप



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर स्थित कोचिंग डिपो में शनिवार की सुबह उस समय हंगामा मच गया, जब यहां पर ट्रेनों की साफ-सफाई का काम करने वाले कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिलने से उन्होंने कामबंद हड़ताल कर दी। कर्मचारियों का कहना है कि हमेशा ही उन्होंने वेतन के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता है, माह समाप्त होने को है, लेकिन उनके वेतन का कोई अता-पता नहीं है कोचिंग डिपो के मेन गेट पर बड़ी संख्या में काम बंद कर बैठे कर्मचारियों में अधिकांश कर्मचारी महिलाएं हैं, उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरे महीने पूरी मेहनत से ट्रेनों की साफ-सफाई, जिसमें यात्रियों की गंदगी भी रहती है, को पूरी ईमानदारी से स्वच्छ करती है। यह सब इसलिए ताकि जब महीना पूरा हो तो उन्हें उनकी मेहनत की पूरी पगार समय पर मिल सके, जिससे उनका घर-परिवार चल सके, किंतु लखनऊ की आरएन इंडस्ट्री नामक कंपनी कभी भी उन लोगों को समय पर वेतन नहीं देती है। उनका पीएफ का भी कुछ अता-पता नहीं है।

### डीआरएम कार्यालय में रूका बिल

पीड़ित कर्मचारियों ने कहा कि शिकायत करने पर कंपनी के सुपरवाइजर कहते हैं कि डीआरएम आफिस में उनका बिल रुका हुआ है, जब बिल पास होगा तब पेमेंट करेंगे। महिला कर्मचारियों ने दुखी होकर कहा कि फरवरी माह समाप्त होने को आ गया है, उन्हें जनवरी माह के वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने रेल प्रशासन से मांग की है कि आरएन इंडस्ट्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये और उन्हें हर माह को 7 तारीख के पहले वेतन दिलवाने व उनके पीएफ की व्यवस्था की जाये।

# एक टाइम होगी पेयजल आपूर्ति

**जबलपुर, नवभारत।** सदर बाजार एवं उससे लगे सिविल एरिया में 23 फरवरी से 28 फरवरी तक केवल सुबह एक समय ही पेयजल आपूर्ति की जाएगी। यह जानकारी कैंट बोर्ड द्वारा दी गई है। कैंट बोर्ड द्वारा सदर बाजार क्षेत्र में टैगोर उद्यान स्थित पानी की टंकी से पेयजल आपूर्ति की जाती है। कैंट बोर्ड इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी पलाश श्रीवास्तव ने बताया कि नियमानुसार पानी की टंकियों की समय-समय पर साफ-सफाई एवं रखरखाव किया जाना आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव कुमार के निर्देश पर 23 फरवरी से 28 फरवरी तक पानी की टंकी की सफाई एवं अन्य मेंटेनेंस कार्य किए जाएंगे। इस कारण सदर बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में शाम की पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी, जबकि सुबह की पाली में ही पानी दिया जाएगा।

# अनुकंपा नियुक्ति के मामले में सेन्ट्रल बैंक को नोटिस

**जबलपुर।** मॉं की मौत के बाद सेन्ट्रल बैंक द्वारा अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन दो साल तक लंबित रखने के बाद उम्र अधिक होने के आधार पर निरस्त किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी सरहित लाल यादव की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि उसकी मॉं श्रीमति तिहारीन बाई सेन्ट्रल बैंक में चपरासी के पद पर पदस्थ थी। सेवाकाल के दौरान 19 दिसंबर 2018 को उनकी मौत हो गयी थी। मॉं की मृत्यु के बाद उसने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। बैंक ने आवेदन को बिना कारण बताये दो साल तक लंबित रखा। इसके बाद उम्र अधिक होने के कारण बताते हुए आवेदन को खारिज कर दिया। याचिका में कहा गया था कि नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन का 6 माह के अंदर निराकरण किया जाना चाहिए था। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद अनावेदको को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से नर्मदा प्रसाद चौधरी ने पैरवी की।



















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57